<u>राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर</u>

<u>प्रेस–नोट</u>

दिनांक : 22.11.2023

क्रमांक : एफ.6–ए(01) परीक्षा 'क'/प्राध्यापक(स्कूल शिक्षा)/RPSC/2022–23/978

आयोग द्वारा प्राध्यापक–शारीरिक शिक्षा (स्कूल शिक्षा) प्रतियोगी परीक्षा–2022 की काउंसलिंग दिनांक 07.10.2023 में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को काउंसलिंग/पात्रता जांच में उपस्थित होने हेतु दिनांक 25.10.2023 तथा 02.11.2023 को जरिये प्रेस नोट तथा एस0एम0एस0 द्वारा काउंसलिंग/पात्रता जांच में उपस्थित होने हेतु सूचित किया गया था। इसके उपरांत भी काउंसलिंग में अनुपस्थित रहे 64 अभ्यर्थियों को अंतिम अवसर देते हुए दिनांक 29.11.2023 को प्रातः 10:00 बजे काउंसलिंग/पात्रता जांच हेतु उपस्थित होने का अवसर दिया जा रहा है। उक्त सभी अभ्यर्थियों के नाम व रोल नं. की सूची आयोग की वेबसाईट पर जारी की जा रही है, साथ ही काउंसलिंग में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर जरिये एस0एम0एस0 भी काउंसलिंग में उपस्थित होने हेतु सूचित किया जा रहा है। अतः ऐसे सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे काउंसलिंग के संबंध में पूर्व में जारी आवश्यक दिशा–निर्देश के तहत् वांछित दस्तावेज आदि के साथ उक्त उल्लेखित दिवस को काउंसलिंग हेतु राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर परिसर में उपस्थित होवें। उक्त सभी अभ्यर्थियों को पात्रता जांच हेतु अन्य कोई अवसर देय नहीं होगा। काउंसलिंग में अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को मुख्य परीक्षा परिणाम हेतु विचारित नहीं किया जायेगा, जिसकी जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी।

साथ ही यह भी लेख है कि प्राध्यापक–शारीरिक शिक्षा के 08 अभ्यर्थियों की पात्रता वांछित दस्तावेजों के अभाव में प्रोविजनल रखी गई है। ऐसे सभी अभ्यर्थियों को भी वांछित दस्तावेज सहित काउंसलिंग हेतु दिनांक 29.11.2023 को उपस्थित होने का अवसर दिया जा रहा है। उक्त अभ्यर्थियों के नाम, रोल नं. की सूची भी आयोग की वेबसाईट पर जारी की जा रही है, साथ ही अभ्यर्थियों को उनके रजिस्टर्ड मोबाईल नम्बर पर जरिये एस0एम0एस0 वांछित दस्तावेजों सहित आयोग कार्यालय में उपस्थित होने हेतु भी सूचित किया जा रहा है।

कउसंलिंग/पात्रता जांच हेतु उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा भत्ता/दैनिक भत्ता देय नहीं होगा।

(रामनिवास मेहता)
सचिव